**Office Of The Executive Engineer**
**Rural Works Department, Works Division, Phulparas, Madhubani.**

Agreement No:-10/CMBD/2025-26,

Name of the Work :- **"Construction & Maintenance of Road & Bridge/ CD works From Package NO- "RRSMP/25- 26 Phulparas/ 03" (UNDER Scheme- MMGSY-RRSMP).**

Name of the Agency :- **M/S. Rajeshwari Construction Pvt. Ltd. At- Fulwariya, Maker, Saran, Bihar. PIN- 841460 Mo No- 7903198895, 9431473490.**

Agreement Amount
(Construction with Maintenance) :- **Rupees. 31,21,80,988=00 (Thirty One Crore Twenty One Lacs Eighty Thousand Nine Hundred Eighty Eight) Only.**

Rate Quated:- **7.51%Below Rate.**

Total Earnest Money Deposit
(With additional performance security) :- Rs.- 14878000.00

Date of Start :- 03/10/2025

Date of Completion :- 02/10/2026

06/10/25

Executive Engineer
RWD (W) Division, phulparas

06/10/25

Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd.
Director

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ₹.1000

ONE THOUSAND RUPEES Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

बिहार BIHAR

AY 396319

राजेश्वर प्रसाद
मुद्रांक विक्रेता
ला० नं०–139/87
सदर निबंधन, छपरा

# *AGREEMENT FORM*

**AgreementNO:-** 10 |CMBD|2025-26

This agreement made the.....7th......Day of.October.....2025, between **Executive Engineer, Rural Works Department, Works Division, Phulparas,** of the one part, and **M/S. Rajeshwari Construction Pvt. Ltd. At-Fulwariya, Maker, Saran, Bihar. PIN- 841460 Mo No- 7903198895, 9431473490.** (here in after called "the contractor" of the other part)

Whereas the Employer is desirous that the Contractor execute **Construction & Maintenance of Road & Bridge/ CD works From Package NO- "RRSMP/ 25- 26 Phulparas/ 03" (UNDER Scheme- MMGSY-RRSMP)** And the Employer has accepted the Bid by the Contractor for the Execution and completion of such works and the remedying of the any defects therein at cost of **Rupees. 31,21,80,988=00 (Thirty One Crore Twenty One Lacs Eighty Thousand Nine Hundred Eighty Eight) Only.**

Maa Rajeshwari Construction Pvt. Ltd.
Director

Executive Engineer
Rural Works Department,
Work Division, phulparas

## मुख्य अभियंता–6 दरभंगा का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग।

पत्रांक– 1811 /दिनांक– 04/10/2025

प्रेषक,

ई0 चन्द्रहास कुमार
मुख्य अभियंता–6

सेवा में,

**कार्यपालक अभियंता,**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **फुलपरास।**

विषयः शीर्ष **MMGSUY** योजनान्तर्गत कार्य प्रमण्डल, **फुलपरास** के अधीन **RRSMP/25-26 Phulparas/03 (Tender ID-143347)** कार्य की निविदा की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

**विभागीय पत्रांक–मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792/2025 पार्ट–II–3734 अनु0, दिनांक 26.09.2025** द्वारा संसूचित आदेश के अनुपालन में उपर्युक्त विषयक कार्य बिहार लोक निर्माण संहिता के कंडिका–163 के आलोक में सफल निविदाकार **MS MAA RAJESHWARI CONSTRUCTIONS PRIVATE LIMITED. (BID ID 625802)** को उनके द्वारा **निविदित** दर, जो परिमाण विपत्र की दर से **7.51% (सात दशमलव पाँच एक प्रतिशत)** कम है, को स्वीकृत करते हुए सम्पूर्ण कार्य कुल **31,21,80,988/–(इकतीस करोड़ इक्कीस लाख अस्सी हजार नौ सौ अठासी)** रुपये मात्र की लागत पर आपकी अनुशंसा एवं कार्यहित में आवंटित किया जाता है।

2. निविदा की स्वीकृति सिर्फ इसी कार्य के लिए है, जो भविष्य में पूर्वाधारण नहीं होगा।
3. **CMBD** के संसंगत कंडिकाओं के अनुरूप संवेदक से एकरारनामा हेतु **Performance Security** के रूप में **E-BG** प्राप्त किया जाय या विभागीय **पत्रांक–मु0अ0(नि0 एवं गु0नि0) विविध कार्य–06–153/2024–1725**, दिनांक **08.05.2025** में दिये गये निदेश के आलोक में बिहार राज्य अवस्थित **Scheduled Commercial Banks** से **e-BG (Electronic Bank Guarantee)** के स्थान पर **System Generated BG with SFMS (Structured Financial Massaging Services) Number** को मान्य करते हुए **BG** निर्गत करते समय **BG** के सत्यापन हेतु विभाग के **Beneficiary Bank** (भारतीय स्टेट बैंक, बेली रोड शाखा, पटना) का **IFSC Code-SBIN0006379** एवं संबंधित कार्य प्रमण्डल के **Email Id** का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाय।
4. एकरारनामा के पूर्व निविदा सूचना के अनुसार सभी वांछित कागजातों की अद्यतन स्वच्छ एवं सत्यापित प्रति निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जायेगा।
5. एकरारनामा से पूर्व कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित कर लेंगे कि निविदाकार **डिबार सूची/काली सूची या कार्य लंबित सूची में शामिल** न हो।
6. कार्य में व्यवहृत सामग्रियों का दर प्राक्कलन में स्वीकृत लीड के आधार पर दिया गया है, कार्य कराते समय अगर इसमें कमी पाई जाती है तो उसके दर में सापेक्ष कमी कर दी जायेगी।
7. इस कार्य के संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रावैधिक स्वीकृति तथा निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित शर्त्त एकरारनामा का भाग होगा, जिसे विशेष शर्त्त में जोड़कर संवेदक के साथ एकरारनामा किया जायेगा।
8. अनुमोदित किये गये तुलनात्मक विवरणी के प्रत्येक बिन्दु की जाँच अपने स्तर से स्वंय कर लेगे एवं त्रुटि पाये जाने की स्थिति में वस्तुस्थिति से तत्क्षण अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। त्रुटि के सुधारोपरान्त एकरारनामा की कार्रवाई की जायेगी।
9. एकरारनामा के समय प्रत्येक मद के भाषा की शुद्धता की जाँच कार्यपालक अभियंता स्वयं कर लेंगे एवं यह सुनिश्चित करेगें कि इसमें कोई त्रुटि न हो।
10. कार्यारम्भ के पूर्व कार्यपालक अभियंता कार्य स्थल के निरीक्षणोपरान्त स्थल की स्थिति एवं प्राक्कलन में किये गये उपबंध से पूरी तरह आश्वस्त हो लेंगे एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा प्रावैधिक स्वीकृति के अग्रसारण प्रारूप में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, प्रशासनिक स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परक्रमित दर, **Bid Capacity** आदि का मिलान कर ही कार्य आवंटन आदेश निर्गत करेंगे। **अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता** कार्य आवंटन/**LOA** निर्गत करने से पूर्व मिलान कर लेंगे कि परिमाण विपत्र की राशि प्रशासनिक अनुमोदन की राशि के अनुज्ञेय सीमा के अन्दर है। यदि अनुज्ञेय सीमा से अधिक हो तो एकरारनामा के पूर्व पुनरीक्षित प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।
11. कार्यादेश निर्गत करने से पहले संबंधित सवेदक से एकरारित अवधि के अन्दर कार्य समाप्त करने हेतु मासिक कार्य प्रोग्राम हस्ताक्षरित कराकर प्राप्त कर लेगें जो की एकरारनामा का भाग होगा।
12. अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता विशेष रूप से ध्यान देंगे कि कार्य मानक विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित कार्य अवधि के अंदर पूरा की जायेगी।

13. कार्य समाप्ति की अवधि निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार होगी।
14. इस कार्य का व्यय शीर्ष **MMGSUY** योजनान्तर्गत से मिलने वाले राशि अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलित होगा।
15. कार्य का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक महीने की सातवीं तारीख तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को समर्पित की जाय।
16. आप निविदा कागजातों एवं तुलनात्मक विवरणी के जांचोपरान्त आप आवश्यक निदेशों को अपने स्तर से निर्गत करेंगे।
17. एकरारनामा से पहले निविदाताओं द्वारा दिये गये कागजात का सत्यापन उनके मूल कागजात से मिलान कर लेगें। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, फुलपरास** तुलनात्मक विवरणी की एक अभिप्रमाणित प्रति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अंचल, मधुबनी** को अभिलेख हेतु उपलब्ध करा देंगे। निदेश दिया जाता है कि संवेदक से कार्य प्रोग्राम प्राप्त कर लेंगे तथा उनका कार्यक्षमता कुशलता एवं पूर्व से आवंटित कार्यो की प्रगति से संतुष्ट हो लें।
18. इस निविदा की राशि में अगर कोई अंतर होता है तो इसकी सूचना तुरन्त इस कार्यालय को दी जाय।
19. कार्यपालक अभियंता, एकरारनामा करने के पूर्व संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या कार्यादेश में अंकित करेंगे तथा इस कार्यालय को सूचित करेंगे।
20. परिमाण विपत्र की दर से कम दर उद्धृत करने वाले संवेदक से विभाग द्वारा पूर्व में निर्गत दिशा निदेश के आलोक में अतिरिक्त वांछित परफॉरमेंस सिक्यूरिटी की राशि जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।
21. किसी भी परिस्थिति में निजी जमीन पर नियमानुसार कार्रवाई किये विना निर्माण कार्य नहीं कराया जाय।
22. प्रत्येक 15 दिनों पर संवेदक से स्वहस्ताक्षरित विपत्र प्राप्त कर स्थल से मिलान कर मापी पुस्तिका में मापी दर्ज कर भुगतान सुनिश्चित करेंगे।
23. एकरारनामा से पूर्व नियमानुसार Character Certificate and GST Clearance Certificate प्राप्त कर लेंगे। इसका प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगें।
24. कार्य के कार्यान्वन में JV के सभी भागीदार की भागीदारी निविदा में दिये गये JV Agreement के अनुरूप होनी चाहिए। यदि इसमें किसी भी प्रकार का फेरबदल हेतु सक्षम प्राधिकार से अनुमति प्राप्त करेंगे।
25. निविदा में यंत्र–संयत्र एवं अभियंताओं के संबंध में दिये गए शपथ के अनुसार एकरारनामा करने से पहले इनके कागजात की जॉच कर लेंगे। कार्य स्थल पर यंत्र–संयत्र एवं अभियंता की तैनाती सुनिश्चित करायेंगे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण के क्रम यदि यंत्र–संयत्र एवं अभियंता की तैनाती में कमी पायी जायेगी तो नियमानुसार संवेदक पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा।
26. **कार्यपालक अभियंता कार्यावंटन आदेश प्राप्त होते ही संवेदक को अविलंब LOA (Letter of Acceptance) निर्गत करेंगे एवं CMBD की ITB की कंडिका 33.2 में निहित प्रावधान के आलोक में 15 दिनों के अन्दर Performance Security प्राप्त करते हुए एकरारनामा की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि के अन्दर Performance Security जमा नहीं करने की स्थिति में ITB की कंडिका 34.2 के आलोक में कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता के माध्यम से प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे। विशेष परिस्थिति में निर्धारित अवधि के पश्चात एकरारनामा करने हेतु Proper Justification के साथ प्रस्ताव उचित माध्यम से समर्पित करेंगे एवं अधोहस्ताक्षरी के अनुमति के उपरान्त ही एकरारनामा करेंगे।**
27. **विभागीय पत्रांक–मु0अ0(अ0उ0)4515–01–792/2025 पार्ट–II–3734 अनु0, दिनांक 26.09.2025 के आलोक में पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर Letter of Acceptance (LOA) संबंधित संवेदक को निर्गत करेंगे।**

कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना देंगे।

अनु0–यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

मुख्य अभियंता–6

ज्ञापांक– 1819 / दिनांक– 04/10/25

प्रतिलिपि–

1. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
2. अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
3. अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. सहायक आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता के ... पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

# Office Of The Executive Engineer

## Rural Works Department, Works Division, Phulparas, (Madhubani).

## Letter of Acceptance

Date:- 03-10-2025

Letter No:- 1723

From.

Er. Subhash Kumar,
Executive Engineer,
Rural Works Department,
Works Division, Phulparas.

To.

M/S MAA RAJESHWARI CONSTRUCTION PVT. LTD.
At- Fulwariya, Maker, Saran,
Bihar.
PIN- 841460

Dear Sir,

This is to notify you that Your **TID-143347, BID- 625802** dated ———— for the execution of the **Construction of Road & CD works With Maintenance from Package No RRSMP/25-26-Phulparas/03** for the contract Price of Rupees. **31,21,80,988=00 (Thirty One Crore Twenty One Lacs Eighty Thousand Nine Hundred Eighty Eight.)** as corrected and modified in accordance with **Engineer in Chief, RWD, Patna, Bihar, Lt No- 3734 Date- 26.09.2025** the Instruction to Bidders is hereby accepted by the agency.

You are hereby requested to furnish additional Performance Guarantee, in the form of Bank Guarantee as mentioned in the Bihar Financial Rules for an amount of **Rs 84,56,000.00 (Eighty Four Lacs Fifty Six Thousand)** and Performance Security of **Rs 62,44,000.00 (Sixty Two Lacs Forty Four Thousand) Only**, within 10 days of the receipts of this letter of acceptance valid up to 45 days from the date of expiry of Defect Liability Period i.e. up to **APG 12 months & Performance Security 96 Months 28 Days** and sign the contract, failing which action as stated in Para 34.2 of ITB will be taken.

नोट:– विभागीय निदेशानुसार बिहार राज्य अवस्थित Scheduled Commercial banks से e-BG (Electronic Bank Guarantee) के स्थान पर System Generated BG with SFMS (Structured Financial Massaging Service) Number को मान्य करते हुये BG निर्गत करते समय BG के सत्यापन हेतु विभाग के Beneficiary Bank (भारतीय स्टेट बैंक, बेली रोड शाखा पटना) का IFSC Code SBIN0006379 एवं संबंधित कार्य प्रमंडल के ई–मेल आई० डी० का अनिवार्य रुप से उपयोग किया जाय।

ENC:- Attached.

Yours faithfully,
[signature] 03/10/25

Executive Engineer
Rural Works Department
Works Division, Phulparas.

[signature] 3/10/2025

[signature] 03/10/25

बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– मु0अ0(अ0उ0)–4515–01–792 / 2025 पार्ट-II/3345 ग्रा0 पटना, दिनांक– 26/09/2025

प्रेषक,

**निर्मल कुमार**
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।
पटना, बिहार।

सेवा में,

**मुख्य अभियंता– 4 एवं 6**
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना।

**अधीक्षण अभियंता**
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य अंचल, **मधेपुरा एवं मधुबनी।**

विषयः– **शीर्ष 4515 MMGSUY (RRSMP)** अंतर्गत दिनांक–**25.09.2025** को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयांकित विभागीय समिति की बैठक की **कार्यवाही** संलग्न कर भेजते हुए निदेश दिया जाता है कि आवंटित कार्यों के त्वरित कार्यान्वयन हेतु **सफल** निविदाकारों को 24 घंटे के भीतर **कार्यादेश निर्गत**/उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

निदेश है कि जिन–जिन निविदाकारों को आपके **द्वारा कार्यादेश निर्गत** किया जा रहा है उस की एक प्रतिज्ञापन लगा कर मेल के द्वारा उपलब्ध कराना **सुनिश्चित** करें।

एकरारनामा की विवरणी MIS पर Upload कराना **भी** सुनिश्चित किया जाय। इस प्रगति से भी अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित समय सीमा में निर्दिष्ट कार्य का पूरा किया जाना अनिवार्य है।

विश्वासभाजन

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0(अ0उ0)—4515—01—792/2025 पार्ट-II 3734 अनु0 पटना, दिनांक—26/9/25

प्रतिलिपिः— **संबंधित कार्यपालक अभियंता,** ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0 - यथोक्त।

अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0(अ0उ0)—4515—01—792/2025 पार्ट-II 3734 अनु0 पटना, दिनांक— 26/9/25

प्रतिलिपिः—E- Tendering Cell, ग्रामीण कार्य विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0— यथोक्त।

अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव

ज्ञापांकः— मु0अ0(अ0उ0)—4515—01—792/2025 पार्ट-II 3734 अनु0 पटना, दिनांक—26/9/25

प्रतिलिपिः—IT प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय MIS पर कार्य आवंटन Upload करने हेतु प्रेषित।

अनु0— यथोक्त।

अभियंता प्रमुख—सह—
अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव